आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 03.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के असंगठित क्षेत्रों, निर्माण स्थलों और शहरी मलिन बस्तियों की गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पंजीकरण किया जाएगा।
- गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में कल से चार दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला शुरू होगा।
- आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के आज दस वर्ष पूरे।
- नवरात्रि का त्योहार आज से शुरू, देवी दुर्गा के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़।

पंजीकरण

प्रदेश के असंगठित क्षेत्रों, निर्माण स्थलों, घरेलू नौकर के रूप में कार्यरत गर्भवतियों और शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पंजीकरण किया जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को इसके लिए चार अक्टूबर से पन्द्रह दिन का अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने ए०एन०एम द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं के तीन एब्सल्यूट न्यट्रोफिल कांउट–एएनसी अनिवार्य रुप से करने को कहा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की प्रसव के दौरान होने वाली मृत्यु का अनिवार्य रूप से डेथ ऑडिट करने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने राज्य में मातृ मृत्यु दर, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों में एनिमिया तथा बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने के लिए सभी विभागों को समन्वित रणनीति से काम करने की सलाह भी दी।

अखिल भारतीय किसान मेला

उधमसिंह नगर जिले के गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में कल से 116वां अखिल भारतीय किसान मेला और कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ हो रहा है।
गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगोकि विश्व विद्यालय पंतनगर के कुलपति डॉक्टर मनमोहन सिंह चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि किसान मेले में स्टॉल लगाने के लिए 400 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों द्वारा विकसित नवीनतम कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा जिससे कि किसान इसका लाभ उठा सकें। मेले में लगने वाली कृषि उद्योग प्रदर्शनी में किसानों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। चार और पांच अक्तूबर को फल–फूल, शाक–भाजी, मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी का आयोजन होगा। छह अक्तूबर को पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय परिसर में पशु प्रदर्शनी और प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सात अक्तूबर को पुरस्कार वितरण के साथ मेले का समापन होगा।

उद्घाटन

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून के दून अस्पताल में आपातकालीन विभाग के तहत नव–निर्मित ऑपरेशन थिएटर, मेडिसिन आई.सी.यू.और हाई एन्ड अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दून अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर शुरू होने से– न्यूरो, सर्जरी, स्त्री रोग और ऑर्थो सहित, अन्य बीमारियों के सरलता से ऑपरेशन हो सकेंगे, जिसका लाभ अम लोगों को मिल सकेगा। इसके अलावा अस्पताल में अब हर प्रकार के अल्टासाउंड सहित, ई. ई. जी. और ई. सी. जी. की सुविधा भी मरीजों को मिलेगी। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मेडिकल फैकल्टी और विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर, अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

मन की बात–दस वर्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। 2014 में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री तथा आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। पिछले महीने मन की बात में, श्री मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक माला का रूप ले लिया है जिसकी हर कड़ी में नए अनुभव, नई कहानियां और नई शख्सियतें जुड़ती चली गईं।

अंतिम संस्कार

चमोली के कोलपुड़ी गांव निवासी शहीद नारायण सिंह का आज सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद नारायण सिंह भारतीय सेना में सिपाही के पद पर तैनात थे। वे 07 फरवरी 1968 को भारतीय वायु सेना के विमान से 102 अन्य जवानों के साथ चंडीगढ़ से लेह जा रहे थे। इस दौरान रोहतांग दर्रे के पास वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें विमान में सवार सभी 102 जवान शहीद हो गए थे।

नवरात्रि

नवरात्रि का 9 दिवसीय त्योहार आज श्रद्धा–भाव और हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया है। इस दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। पहले दिन देवी दुर्गा को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है।

प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है।

स्मार्ट मीटर पर सियासत

प्रदेशभर में करीब 16 लाख घरों पर प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जाने की योजना है। यूपीसीएल मुख्यालय में इसके कंट्रोल रूम स्थापित हो चुके हैं। यह स्मार्ट मीटर प्रीपेड होगा और प्रीपेड मोबाइल की तरह उपभोक्ता ऑनलाइन रिचार्ज करवाकर जितना चाहे उतनी बिजली उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने कार्यदायी संस्थाओं को नियुक्त कर दिया है। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इससे बिजली चोरी रोकने के साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत उपयोग की पल–पल की जानकारी मिल सकेगी।

इस बीच, कांग्रेस प्रदेश के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर रही है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शीषपाल बिष्ट ने कहा कि सरकार इस मीटर के जरिए जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है।

वहीं, भाजपा स्मार्ट मीटर को जनता के हित में बता रही है। कांग्रेस की ओर से स्मार्ट मीटर का विरोध किए जाने पर भाजपा विधायक विनोद चमोली ने कहा कि स्मार्ट मीटर बिजली चोरी रोकने में सहायक होंगे।

क्रिकेट

आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप आज संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में शुरू हो रहा है। पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच होगा। भारत अपना पहला मैच कल न्यूजीलैंड के साथ खेलेगा। विश्वकप में कुल दस टीम भाग ले रही हैं और यह टूर्नामेंट 20 अक्टूबर को समाप्त होगा। भारत और पाकिस्तान का मैच रविवार को खेला जाएगा।

समीक्षा बैठक

चमोली जिले में सड़क मार्गों के बंद होने के कारण जिन गांवों में राशन नहीं पहुंचा है, उन स्थानों पर घोड़े–खच्चर की मदद से कल तक राशन पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राशन पहुंचाने संबंधी कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। पूर्ति निरीक्षकों से गोदामों की स्थिति, दुकानों का निरीक्षण और विभागीय योजनाओं के बारे में सटीक जानकारी न मिलने पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षकों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने को कहा।

छापेमारी

हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने रोशनाबाद स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित पाये गये सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं और उनसे स्पष्टीकरण लेने को कहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी और कर्मचारी अवकाश स्वीकृत कराये बिना कार्यालय से अनुपस्थित नहीं रहेगा।